राजस्थान सरकार
**आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर**
**Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur- 302015, Rajasthan**
**Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/**
**e-mail: jdadmn.cce@gmail.com** Ph. NO. 0141-2702247 (O)

क्रमांक एफ 1(05)पीएस/निकाशि/19/6370 दिनांक : 26-06-2023

## विज्ञप्ति

इस कार्यालय की विज्ञप्ति क्रमांक एफ 1(05)पीएस/निकाशि/19/5848 दिनांक 01–02–2023 द्वारा दिनांक 01–04–2022 को कार्यरत चतुर्थ श्रेणी वर्ग के कर्मचारियों, जो सीनियर सैकेण्डरी या समकक्ष परीक्षा एवं निर्धारित कम्प्यूटर पाठ्यक्रम उत्तीर्ण है, की अन्तिम वरिष्ठता सूची जारी की गयी थी। दिनांक 01–04–2023 को कार्यरत कनिष्ठ सहायक पर पदोन्नति की उक्त पात्रता रखने वाले चतुर्थ श्रेणी वर्ग के कर्मचारियों की अन्तरिम वरिष्ठता सूची का प्रकाशन संलग्न परिशिष्ठानुसार किया जा रहा है।

दी राजस्थान सबोर्डिनेट ऑफिसेज मिनिस्ट्रियल स्टाल रूल्स, 1999 के नियम 6 एवं शिडयूल प्रथम की बिन्दु संख्या 10 में कार्मिक (क–ग्रुप–II) विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ 7(2)डीओपी/ए II/2006 दिनांक 05–12–2012 द्वारा संशोधन कर यह प्रावधान किया गया है कि कनिष्ठ सहायकों के 85 प्रतिशत पद सीधी भर्ती द्वारा तथा 15 प्रतिशत पद ऐसे चतुर्थ श्रेणी वर्ग के कर्मचारियों की पदोन्नति द्वारा भरे जावें जो किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से सीनियर सैकेण्डरी या उसके समतुल्य परीक्षा और इलेक्ट्रोनिक्स विभाग, भारत सरकार के नियंत्रणाधीन डीओईएसीसी द्वारा संचालित "ओ" या उच्चतर लेवल प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम या व्यावसायिक प्रशिक्षण स्कीम की राष्ट्रीय/राज्य परिषद के अधीन आयोजित कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं प्रोग्रामिंग सहायक (क0ऑ0प्रो0स0)/डाटा प्रेपरेशन और कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर (डॉ0प्रे0क0सो0) प्रमाण पत्र या भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से या सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी संस्था से कम्प्यूटर विज्ञान/कम्प्यूटर एप्लीकेशन में डिप्लोमा या सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी पॉलीटेक्निक संस्था से कम्प्यूटर विज्ञान और अभियांत्रिकी में डिप्लोमा या वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा द्वारा संचालित, राजस्थान नॉलेज कार्पोरेशन लिमिटेड के नियंत्रणाधीन सूचना प्रौद्योगिकी पाठ्यक्रम में प्रमाणपत्र (रा0रा0सू0प्रौ0प्र0पा0) प्राप्त तथा चतुर्थ श्रेणी वर्ग के पद का 5 वर्ष अनुभव रखते हो। चतुर्थ श्रेणी वर्ग में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, दफ्तरी, जमादार, बुकलिफ्टर, फर्राश, गार्डनर, एनिमल केचर और प्रयोगशाला वाहक आते है।

वरिष्ठता निर्धारण हेतु संबंधित व्यक्तियों की प्रथम नियुक्ति तिथि को आधार मानकर वरिष्ठता निर्धारित की गई है। जहाँ दो या अधिक व्यक्तियों की नियुक्ति तिथि एक ही है, वहाँ उनकी जन्मतिथि को आधार मानकर ऐसे व्यक्तियों की पारस्परिक वरिष्ठता का निर्धारण किया गया है।

जो व्यक्ति वरिष्ठता निर्धारण से पीड़ित हो वे अपना अभ्यावेदन प्राचार्य के माध्यम से पुष्ट प्रमाणों सहित इस विज्ञप्ति के जारी होने की तिथि से 15 दिवस के भीतर अवश्य भिजवा देवें अन्यथा उक्त अवधि उपरान्त उनकी आपत्ति पर विचार नही किया जाएगा तथा प्राप्त अभ्यावेदनों पर विचार किया जाकर अन्तिम वरिष्ठता सूची जारी कर दी जाएगी। वरिष्ठता निर्धारण हेतु निर्धारित सिद्धान्तों के विरूद्ध कोई भी अभ्यावेदन स्वीकार नही होगा।

Signature valid
Digitally signed by Chandra Bhushan Jain
Designation : Associate Professor
Date: 2023.06.26 10:46:39 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No. : 4119477

दिनांक 31—03—2023 तक यदि किसी कर्मचारी ने निर्धारित योग्यता प्राप्त कर ली है और उसका नाम संलग्न सूची में अंकित नहीं है, वह कर्मचारी निम्नलिखित प्राफोर्मा में अपनी सूचना प्राचार्य के माध्यम से भिजवाये ताकि उनका नाम भी वरिष्ठता सूची में जोड़ लिया जाये :—

| क्र.स. | कर्मचारी का नाम मय पद | जन्मतिथि | अ.जा./अ.ज.जा./ओ.बी.सी./ सामान्य | योग्यताए (शैक्षणिक एवं कम्प्यूटर संबंधी) | राजकीय सेवा में प्रथम नियुक्ति का दिनांक एवं पद | वर्तमान पद पर नियुक्ति/ पदोन्नति का दिनांक | विशेष विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | | | | | | | |

सम्बन्धित कार्यालयाध्यक्ष चतुर्थ वर्ग के कर्मचारियों द्वारा प्रस्तुत समस्त दस्तावेजों में वर्णित तथ्यों **(यथा शैक्षणिक दस्तावेज, प्रथम नियुक्ति तिथि, सीनियर सैकेण्डरी या उसके समतुल्यता आदि)** की जांच अपने स्तर पर रिकार्ड के आधार पर प्रमाणित कर ही आयुक्तालय को ई—डाक के माध्यम से ही भिजवायेंगे।

उक्त सूचना भिजवाने के साथ ही प्रथम नियुक्ति आदेश, जाति प्रमाण—पत्र, जन्मतिथि, यदि दिव्यांगजन हो तो प्रमाण पत्र, शैक्षणिक योग्यता संबंधी अंकतालिका एवं कम्पयूटर योग्यता संबंधी प्रमाणपत्र की सत्यापित प्रति सहित 15 दिवस के भीतर आयुक्तालय को आवश्यक रूप से भिजवाये।

(डॉ. चन्द्र भूषण जैन)
संयुक्त निदेशक (प्रशासन)

क्रमांक एफ 1(05)पीएस/निकाशि/19/6370 दिनांक : 26-06-2023

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः—

1. संयुक्त निदेशक (एच.आर.डी.—स्थापना), कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
2. समस्त प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, राजस्थान/सहायक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान को प्रेषित करते हुए लेख है कि वे यह सुनिश्चित कर लें कि दिनांक 01—04—2023 को कार्यरत जिन पद धारकों की वरिष्ठता सूची जारी की जा रही है उसमें उनके महाविद्यालय में कार्यरत किसी ऐसे कर्मचारी का नाम तो नहीं रह गया है जिसने दिनांक 31—03—2023 तक निर्धारित योग्यता प्राप्त कर ली हो। यदि ऐसा कोई मामला हो तो उनका नाम वे पूर्ण विवरण आवश्यक प्रमाण पत्रों की प्रतियों सहित इस कार्यालय को ई—डाक के माध्यम से भिजवायें। इस सूची में अंकित आपके महाविद्यालय के चतुर्थ श्रेणी वर्ग के कर्मचारी को फोटो कॉपी करवा कर देवें तथा प्राप्ति की रसीद अपने रिकार्ड में रख लें।
3. स्थापना शाखा।
4. वेबसाईट प्रभारी— कृपया वरिष्ठता सूची को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करें।
5. रक्षित पत्रावली।

संयुक्त निदेशक(प्रशासन)

Signature valid
Digitally signed by Chandra Bhushan Jain
Designation : Associate Professor
Date: 2023.06.26 10:46:39 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No. : 4119477

दिनांक 01—04—2023 को कार्यरत कनिष्ठ सहायक पद की पदोन्नति हेतु योग्यता रखने वाले च0श्रे0 वर्ग के कर्मचारियों की अन्तरिम वरिष्ठता सूची

| क्र.स. | नाम कर्मचारी (वर्ग सहित) | पदनाम | पदस्थापन स्थान | जन्मतिथि | शैक्षणिक योग्यता | तकनीकी योग्यता | राजकीय सेवा में च0श्रे0वर्ग के पद पर प्रथम नियुक्ति की दिनांक एवं पद का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री मुन्ना लाल यादव | लैब ब्वॉय | राजकीय कन्या महाविद्यालय, चौमू | 05—07—1967 | सी.सै., 2022 | RSCIT, 2021 (05.03.2021) | 01—04—1991 (कैटल गार्ड, अर्द्धस्थायी) |
| 2 | श्री भेरू लाल पुष्करणा | च.श्रे.कर्म. | राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय, उदयपुर | 04—05—1963 | हायर सैकेण्डरी, 1982 | CCC, 2021 (07.09.2021) | 09—11—1994 (च0श्रे0कर्म0) |
| 3 | श्री खुशियाल चन्द | च.श्रे.कर्म. | राज. कन्या महा., नागौर | 11—10—1971 | सी.सै., 2014 | RSCIT, 2018 (01.10.2015) | 15—01—2002 (च0श्रे0कर्म0) |
| 4 | श्री लाल सिंह | च.श्रे.कर्म. | राज. महा., रतनगढ, चूरू | 05—05—1992 | सी.सै., 2020 | RSCIT, 2021 (30.10.2021) | 23—05—2017 (च0श्रे0कर्म0) |
| 5 | श्रीमती योगिता सोमपुरा | प्र.शा. वाहक | राज.महा., डूंगरपुर | 27—07—1972 | बी.ए.पी. 2009 | RSCIT, 2021 (22.07.2021) | 21—07—2017 (च0श्रे0कर्म0) |

(डॉ. चन्द्र भूषण जैन)
संयुक्त निदेशक (प्रशासन)

Signature valid
Digitally signed by Chandra Bhushan Jain
Designation : Associate Professor
Date: 2023.06.26 10:46:39 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No. : 4119477